आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 09.12.2024

समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड बोर्ड के 157 टॉपर छात्रों को भारत दर्शन के लिए रवाना किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ ज भारतीय जीवन बीमा निगम– एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे।
- प्रदेश में शीतकालीन यात्रा शुरू होने के बाद अब श्रद्धालु शीतकाल में भी पौराणिक और धार्मिक स्थलों का दर्शन कर सकेंगे।
- प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से मौसम हुआ सर्द।

एलआईसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हरियाणा में भारतीय जीवन बीमा निगम–एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। महिला सशक्तिकरण और वित्तय समावेशन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप बीमा सखी योजना की शुरूआत की जा रही है। भारतीय बीमा जीवन निगम–एलआईसी की यह पहल 18 से 70 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है जो 10वीं कक्षा पास हैं। पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और वृत्तिका दी जाएगी।

शैक्षिक भ्रमण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून से उत्तराखंड बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 157 टॉपर छात्र–छात्राओं को भारत दर्शन– शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि हाईस्कूल–इंटरमीडिएट के टॉपर छात्रों का भारत दर्शन–शैक्षिक भ्रमण उत्तराखण्ड सरकार का एक अभिनव प्रयास है, जो अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. एसबी जोशी ने बताया कि टॉपर छात्र–छात्राएं हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और दिल्ली में स्थित शिक्षण संस्थानों, तकनीकी संस्थानों, ऐतिहासिक स्थलों और धरोहरों का भ्रमण करेंगे।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने धनगढ़ी स्थित कॉर्बेट इंटरप्रिटेशन सेंटर का दौरा किया। राज्य के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक रंजन कुमार मिश्रा ने श्री खन्ना को रिजर्व के इतिहास, विभिन्न प्रकार के आवासों, भौगोलिक विस्तार, टोपोग्राफी और प्रसिद्ध शिकारी जिम कॉर्बेट के जीवन से जुड़ी घटनाओं के बारे में जानकारी दी।

संसद

विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसदों ने एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों को लेकर आज संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस, डीएमके, राष्ट्रीय जनता दल और वामपंथी दल और अन्य दलों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

समग्र शिक्षा अभियान

समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रदेश के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के विद्यार्थियों को सामान्य पाठ्यक्रम के साथ देश—विदेश का श्रेष्ठ साहित्य पढ़ने का मौका मिलेगा। समग्र शिक्षा की राज्य परियोजना निदेशक झरना कमठान ने बताया कि सभी सरकारी स्कूलों को किताबें खरीदने के लिए पांच से बीस हजार तक की राशि दी जाएगी, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार पचास—पचास फीसदी भुगतान करेगी।

टीबी

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में टीबी रोगियों की पहचान और इलाज के प्रयासों को और अधिक तेज किया गया है। इसके लिए जल्द ही पांच मैदानी जिलों में मोबाइल टेस्टिंग वैन चलाई जाएगी, जो घर—घर जाकर मरीजों के बलगम की जांच करेगी। रिपोर्ट में पॉजिटिव आने वाले टीबी मरीजों को तत्काल उपचार से जोड़ा जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य में टीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। यही कारण है कि उत्तराखंड देश के शीर्ष टीबी उन्मूलन वाले राज्यों में शामिल है।

उन्होंने बताया कि टीबी रोगियों की जांच और उपचार के लिए जल्द ही पीपीपी मोड में मोबाइल ट्यूबरकुलोसिस टेस्टिंग वैन की शुरुआत होगी। ये वैन हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, चंपावत, नैनीताल और देहरादून जैसे पांच मैदानी जिलों को कवर करेगी।

स्मार्ट सिटी

देहरादून में स्मार्ट सिटी के अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं। स्मार्ट सिटी परियोजना की बैठक में जिलाधिकारी सविन बंसल ने शेष बचे कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने शहर को आकर्षक पेंटिंग से सजाने के लिए बजट को भी मंजूरी दी।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने शहर में स्मार्ट शौचालयों को खोलने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग को सभी कैमरों को इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए।

शीतकालीन यात्रा

प्रदेश में शीतकालीन यात्रा शुरू होने के बाद अब श्रद्धालु ग्रीष्मकाल के साथ ही शीतकाल में भी पौराणिक व धार्मिक स्थलों और ईष्ट देव के दर्शन कर सकेंगे। रुद्रप्रयाग जिले से हमारे क्षेत्रीय संवाददाता ने बताया कि 8 दिसंबर को शुरू हुई चारधाम शीतकालीन यात्रा के पहले दिन 4 सौ 77 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के उखीमठ स्थित शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन किए।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में क्लाउड कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल गवर्नेंस में नवाचारों द्वारा संचालित भारत की विकसित डिजिटल अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा है कि भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने लेलू स्थित श्री हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के साथ ही 25 दिसंबर तक निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल राज्य के खेल ढांचे में मील का पत्थर साबित होगा। इस हॉल के निर्माण से स्थानीय खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा और आने वाले दिनों में कॉलेज में राष्ट्रीय खेलों के बड़े आयोजन भी हो सकेंगे। कॉलेज का निर्माण लगभग 34 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है।

मौसम

और अब एक नजर आज के मौसम पर..... प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बूंदाबांदी से मौसम सर्द हो गया है। बागेश्वर, पिथौरागढ़, चमोली, चंपावत, चकराता और उत्तरकाशी के हर्षील समेत अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। चमोली से हमारे क्षेत्रीय संवाददाता ने बताया कि बद्रीनाथ धाम, हेमकुंड, औली, रुद्रनाथ, बेदनी बुग्याल सहित अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी हुई है। वहीं मैदानी इलाकों में सुबह और शाम के समय पाला गिरने से ठिठुरन बढ़ गयी है। तापमान में गिरावट और प्रदेश में बढ़ती शीतलहर से बचाव के लिए सभी जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। जरूरतमंदों के लिए रैन बसेरों में कंबल और अलाव की व्यवस्था की गई है। साथ ही ठंड से बचाव के लिए उन्हें जरूरी सामान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा आवारा पशुओं के लिए अस्थायी शेड बनाए गए हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है।